>

Title: Need to provide funds to solve the drinking water problems in the urban areas of Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़): मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ के शहरों में पेयजल की समस्या विकट होती जा रही है। भूजल का स्तर बहुत ही नीचे चला गया है और जो पानी लोगों को इस समय मिल रहा है, उसमें फ्लोराइड के तत्व अधिक हैं, जिसके कारण लोग बीमार हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस संबंध में एक 859 करोड़ रूपए का प्रस्ताव शहरी विकास मंत्रालय को भेजा है। इस संबंध में मैंने कई बार पत्र व्यवहार किया है, परन्तु उक्त समस्या के समाधान के लिए अभी तक शहरी विकास मंत्रालय ने धनराशि आबंटित नहीं की है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के शहरी पेयजल समस्या के निदान के लिए उक्त धनराशि शीघ्र स्वीकृत करें, जिससे कार्य की शुरूआत की जा सके।